**राष्ट्रीय राजमार्गों पर गति-अवरोधक**

646. डा० अबरार अहमद : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर, बिना किसी सफेद चिन्ह के, काफी संख्या में गति-अवरोधक विद्यमान हैं और कुछ स्थानों पर तो ग्रामवासियों ने स्वयं ही गति-अवरोधक बना दिये हैं जिनके कारण रात्री के समय बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं और क्या सरकार ऐसे गति-अवरोधकों को हटायेगी ;

(ख) क्या निकट भविष्य में राष्ट्री-राजमार्गों के विस्तार की कोई योजना है और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और क्या सरकार राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्गों पर ध्यान देगी जिनकी हालत बहुत खराब है; और

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों पर कहां-कहां नये पुल बनाये जा रहे हैं और ये कब तक चालू हो जायेंगे और इस संबंध में राजस्थान के बारे में पूरा ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी, हां। सरकार की नीति के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों पर गति अवरोधकों की इजाजत नहीं है और राज्य सरकारों से उन्हें हटाने के लिए कहा गया है ।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप दिए जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड के विस्तार पर विचार किया जाएगा । राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के योग्य हैं । राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है और यातायात सघनता, राष्ट्रीय राजमार्गों की मौजूदा स्थिति, अखिल भारतीय आधार पर उनकी आपसी प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखकर निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाती है ।

(ग) संभवतः माननीय सदस्य का संकेत राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बनाए जा रहे नए पुलों की ओर है । राजस्थान में निर्माणाधीन पुलों का पूरा ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

**विवरण**

(लाख रु०)

| क्र० सं० | रा० रा० | नाम/पुल का स्थान | अनुमानित लागत | पूरा होने की संभावित तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 12 | 89 कि०मी० पर बनास पुल . | 503.97 | 31.12.1992 |
| 2. | 12 | 118/990 कि० मी० पर छोटा पुल . | 16.45 | 30.9.1991 |
| 3. | 11 | 63/2 कि० मी० पर छोटा पुल . | 2.24 | 30.9.1991 |
| 4. | 11 | दौसा बाईपास पर आर ओ बी . | 143.75 | 31.3.1992 |
| 5. | 12 | 171 कि० मी० पर असनी नाला पुल . | 23.41 | 31.3.1992 |
| 6. | 12 | 83/600 कि० मी० पर पुल (जयपुर-टोंक सड़क) . . | 41.69 | 31.12.1991 |
| 7. | 8 | 201 कि० मी० पर खारी फीडर कनाल पुल . . . | 6.90 | 30.9.1991 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 8. | 12 | जयपुर-जबलपुर सड़क पर 177 कि० मी० पर पुल . . . . | 31.54 | 30.6.1992 |
| 9. | 12 | 123/400 कि० मी० पर भरना नाला पुल . . . . | 75.88 | 30.6.1992 |
| 10. | 14 | 37 कि० मी० पर छोटा पुल . . | 18.99 | 30.9.1992 |
| 11. | 12 | 49/900 कि० मी० पर छोटा पुल . | 17.07 | 31.3.1992 |
| 12. | 11 | रींगस के समीप आर ओ बी . . | 125.23 | 30.6.1992 |
| 13. | 12 | 146 कि० मी० पर डाडेली नाला . | 34.86 | 30.6.1992 |

**ढांसा गांव के लिए दिल्ली परिवहन निगम की बसों की घटिया सेवा**

647. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और ढांसा गांव के बीच आने जाने के लिए ढांसा गांव और उसके निकटवर्ती लगभग 25 गांवों के निवासियों को दिचाऊ कलां डिपो की बस पकड़नी पड़ती है ;

(ख) क्या यह सच है कि ढांसा गांव में बसों के आगमन और प्रस्थान का कोई निर्धारित समय न होने के कारण यात्रियों को बस पकड़ने के लिए घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है ; और

(ग) क्या सरकार ढांसा के यात्रियों की सुविधा के लिए ढांसा गांव से आने-जाने वाली बसों के लिए कोई समय-सारणी नियत करेगी ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) :** (क) और (ख) जी, नहीं ।

(ग) ढांसा गांव को जाने वाली और वहां से आने वाली बसों के सभी रूटों/सेवाओं का प्रचालन निर्धारित समयसारणी के अनुसार होता है । दिल्ली परिवहन निगम की बसों की समय-सारणी प्रत्येक पास अनुभाग में उपलब्ध है और यात्रियों की सुविधा के लिए ढांसा गांव में पहले ही एक "टाइम कीपर" तैनात कर दिया गया है ।

**दिल्ली में अपराध**

648. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत 15 महीनों के दौरान दिल्ली में अपराधों और हत्याओं में काफी वृद्धि हुई है, और यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है और इस वृद्धि के क्या कारण हैं ; और

(ख) इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) :** (क) पिछले 18 महीनों और वर्ष 1988 और 1989 के दौरान दिल्ली में सूचित किए गए